रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में ‘विज्ञान सर्वत्र पूज्यते’ का उद्‌घाटन आज

जबलपुर 21 फरवरी। ‘विज्ञान सर्वत्र पूज्यते’ कार्यक्रम का अखिल भारतीय स्तर पर दिनांक 22 फरवरी, 2022 को सायं 3.00 बजे विज्ञान भवन, नई दिल्ली से ऑनलाईन मोड से उद्‌घाटन किया जावेगा। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में मुख्य उद्‌घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र एवं कुलसचिव प्रो. बृजेश सिंह, आयोजन समन्वयक प्रो. सुरेन्द्र सिंह की उपस्थिति में अतिथियों, प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों एवं छात्र–छात्राओं की मौजूदगी में देखा जायेगा।

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के डॉ. एन.के. शिवहरे, डॉ. पी. के. दीधर्रा, डॉ. एस.एन. रजक, डॉ. निपुण सिलावट ने बताया कि उद्‌घाटन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जी. किशन रेड्डी, माननीय पर्यटन, संस्कृति और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री भारत सरकार एवं डॉ. जीतेन्द्र सिंह, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री, राज्य मंत्री प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष मंत्री भारत सरकार होंगे। पूर्व में इस कार्यक्रम के उद्‌घाटन की संभावना माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी द्वारा किए जाने की थी। विदित हो कि इस कार्यक्रम हेतु प्रत्येक दिवस की एक थीम निर्धारण है, जैसे भारत के विज्ञान प्रौद्योगिकी विरासत, आधुनिक भारत के विज्ञान प्रौद्योगिकी की उपलब्धियां, स्वदेशी पारंपरिक शोध एवं नवाचार विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अगले 25 वर्ष का पूर्वानुमान, विज्ञान से संबंधित साहित्य उत्सव इत्यादि है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण थीम से संबंधित भारत की विभिन्न प्रयोगशालाओं के वैज्ञानिकों का थीम आधारित व्याख्यान, भारत के महान वैज्ञानिक एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी, विज्ञान प्रौद्योगिकी संबंधित फिल्मों का प्रसारण, रेडियो शो, पुस्तक मेला इत्यादि हैं। कार्यक्रम में स्थानीय छात्र–छात्राओं के मॉडल, स्टार्ट–अप नवाचारों का प्रदर्शन किया जावेगा। कार्यक्रम में सभी वर्गों हेतु राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगितायें भी शामिल हैं।

‘विज्ञान सर्वत्र पूज्यते’ की आयोजन समिति के सभी ’संयोजकों एवं सहसंयोजको’ की एक आवश्यक बैठक सोमवार को विश्वविद्यालय के विज्ञान भवन में आयोजित की गई। बैठक में मौजूद आयोजन समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. एसएस संधू, डॉ मुकेश राय, प्रो. सुनीता शर्मा, डॉ निपुण सिलावट, प्रो. धीरेंद्र पाठक, प्रो. मुक्ता भटेले, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. जितेंद्र मैत्रा, प्रो. राजेंद्र कुरारिया, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. निधि सक्सेना, प्रो. एसएन बागची, प्रो. मृदुला दुबे आदि ने सभी से ऑनलाईन कार्यक्रम में जुड़ने व उपस्थिति की अपील की है।